वर्ष- 3 , अंक- 05
छपरा
26 नवंबर बुधवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (40) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दीप्ती का शव पंखे से लटका हुआ मिला।

दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा है कि अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। पुलिस के मुताबिक, दीप्ति और उनके पति अलग-अलग घरों में रहते थे।

## कॉमेडियन कुणाल कामरा की टी-शर्ट पर विवाद

### कुत्ते के साथ आरएसएस जैसा शब्द लिखा, भाजपा बोली- ये आपत्तिजनक




**मुंबई ,एजेंसी।** कॉमेडियन कुणाल कामरा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह एक टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। टी-शर्ट में छपी तस्वीर में एक कुत्ते की फोटो और 'RSS' जैसा दिखने वाला अक्षर नजर आ रहा है। हालांकि पूरा 'R' साफ नहीं दिख रहा, इसलिए कई लोगों ने इसे 'PSS' भी बताया है।

कामरा ने ये तस्वीर सोमवार यानी 24 नवंबर को सोशल मीडिया X पर पोस्ट की थी। फोटो अब वायरल हो रही है। कामरा ने पोस्ट में लिखा, यह फोटो किसी कॉमेडी क्लब की नहीं है। इससे पहले मार्च में कामरा ने एक कॉमेडी क्लब में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पर पैरोडी सॉन्ग गाया था। इसके बाद शिवसेना ने उस क्लब में तोड़फोड़ की गई थी।

## पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर लगे

### TMC विधायक बोले- 6 दिसंबर को नींव रखेंगे

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है- 6 दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा। तृणमूल कांग्रेस (TMC) विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है।खुद कबीर ने मंगलवार को कहा, हम 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था।

### संविधान दिवस पर संविधान 9 नई भाषाओं में जारी

# राष्ट्रपति बोलीं- तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम, जीएसटी से देश की आर्थिक एकता मजबूत हुई

### उपराष्ट्रपति बोले- बिहार में ज्यादा वोटिंग लोकतंत्र के ताज में एक और कीमती हीरा जोड़ने जैसा






**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया।

राष्ट्रपति ने कहा- संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। त्रस्न्न आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है।

राष्ट्रपति ने बताया- अनुच्छेद 370 हटाने से देश की राजनीतिक एकता में आ रही बाधा दूर हुई। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की नई शुरुआत करेगा। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी।

दरअसल 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे।

**राष्ट्रपति बोलीं- तीन तलाक को खत्म करना ऐतिहासिक कदम** :राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करके संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी, जो आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, देश की आर्थिक एकता मजबूत करने के लिए लागू किया गया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से एक ऐसी रुकावट दूर हुई, जो देश की राजनीतिक एकता में बाधा बन रही थी। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का एक नया दौर शुरू करेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस साल 7 नवंबर से पूरे देश में 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## अपने संविधान के कारण ही मैं सरकार के मुखिया के रूप में कार्य कर पाया:पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को संविधान की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐसा दस्तावेज है, जिसने उनके जैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को पहले गुजरात में और फिर केंद्र में सरकार के प्रमुख के रूप में देश की सेवा करने में सक्षम बनाया। संविधान दिवस के अवसर पर नागरिकों को संबोधित एक पत्र में मोदी ने संविधान निर्माण प्रक्रिया के नेताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा भारत के विकसित राष्ट बनने के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह हमारे संविधान की शक्ति है जिसने मुझ जैसे व्यक्ति को, जो एक विनम्र और आर्थिक रूप से वंचित परिवार से आता है, 24 वर्षों से अधिक समय तक लगातार सरकार के प्रमुख के रूप में सेवा करने में सक्षम बनाया। मुझे आज भी 2014 के वो पल याद हैं, जब मैं पहली बार संसद आया था और लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर की सीढ़ियों को छूकर प्रणाम किया था। फिर से, 2019 में, चुनाव परिणामों के बाद, जब मैंने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में प्रवेश किया, तो मैंने झुककर संविधान को श्रद्धा के प्रतीक के रूप में अपने माथे पर रखा। इस संविधान ने मुझ जैसे कई अन्य लोगों को सपने देखने और उसके लिए काम करने की शक्ति दी है, प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था, 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था, जो एक ऐसा पवित्र दस्तावेज है जिसने स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ देश की प्रगति का मार्गदर्शन करना जारी रखा है।

### राहुल बोले- संविधान पर होने वाले वार पर सबसे पहले खड़ा रहूंगा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत में आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। दरअसल, 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने देश के मौजूदा संविधान को मंजूरी दी थी।यही संविधान देश के अधिकतर कानूनों की आधारशिला बना है। राहुल गांधी ने बुधवार को देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के संविधान पर होने वाले किसी भी प्रहार के सामने वे सबसे आगे खड़े रहेंगे। राहुल के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य नेताओं ने भी संविधान दिवस पर बधाई दीं।

### अमित शाह बोले- संविधान से मजबूत राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त



दूसरी तरफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज संविधान दिवस पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी सहित संविधान सभा के सभी महान सदस्यों को नमन और देशवासियों को इस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का संविधान हर देशवासी को समान अवसर, सम्मानपूर्ण जीवन, राष्ट्रीय कर्त्तव्य और अधिकार प्रदान कर मजबूत राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है।

## संविधान की पवित्रता और कानून का शासन बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी: सीजेआई सूर्यकांत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एक बयान में कहा है कि देश में संविधान की पवित्रता और कानून का शासन बनाए रखने के लिए बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने ये भी कहा कि देश में कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए कानूनी सहायता देने में भी बार की अहम भूमिका है।

**संविधान दिवस कार्यक्रम में क्या बोले सीजेआई** :संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब हम इस अहम पल का जश्न मना रहे हैं, जब भारत ने अपने आप को अपना बुनियादी अनुबंध दिया था, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि देश में कानून का शासन और संविधान की पवित्रता बनाए रखने में बार की भूमिका बेहद जरूरी है। सीजेआई ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि अगर अदालतों को संविधान का पहरेदार माना जाता है, तो बार के सदस्य हमारे रास्ते को रोशन करने वाले पथप्रदर्शक हैं। वे हमें अपने गंभीर कर्तव्यों को पूरा करने और हमारे कर्तव्यों को पक्के यकीन के साथ निभाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अक्सर न्याय व्यवस्था के अदृश्य पीड़ितों के बारे में बात करते हैं और मेरा मानना है कि सिर्फ बार ही उन्हें इस पीड़ा से बचा सकता है। उन्होंने कहा, सांविधानिक मामलों में हमारी मदद करने के अलावा यह भी उतना जरूरी है कि बार हमारे संविधान की मूल भावना को सामने लाने के लिए भी सही कदम उठाए। इसमें उन लोगों को कानूनी मदद देना शामिल है जो कमजोर हैं या समाज के हाशिये पर जी रहे हैं। साथ ही राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में दिए गए नजरिए के साथ खुद को जोड़ना भी बार की जिम्मेदारी है।

**सिर्फ संविधान ही सर्वोच्च** :इस मौके पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार, यह संविधान की खूबसूरती है कि इसके तीनों हिस्से, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका, एक-दूसरे से आजाद हैं और साथ ही अंदरूनी चेक एंड बैलेंस भी है। अगर कार्यपालिका कुछ ऐसा करता है जो संविधान के खिलाफ है, तो न्यायपालिका की सर्वोच्चता है। लेकिन आखिरकार कोई भी अंग सर्वोच्च नहीं होता और सिर्फ संविधान ही सर्वोच्च है। 26 नवंबर को साल 2015 से संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है, यह दिन 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है।

### संविधान दिवस पर बोलीं मामता

## एसआईआर के पीछे असली मंशा एनआरसी



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पीछे असली मंशा एनआरसी है। संविधान दिवस के अवसर पर रेड रोड स्थित बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी लोगों की नागरिकता पर सवाल उठाया जा रहा है।

एक दिन पहले एक्स पर एक पोस्ट में सीएम ममता ने कहा कि जब लोकतंत्र दांव पर हो, धर्मनिरपेक्षता खतरे में हो और संघवाद को ध्वस्त किया जा रहा हो, तो लोगों को संविधान से मिले मूल्यवान मार्गदर्शन की रक्षा करनी चाहिए। सीएम बनर्जी ने कहा कि संविधान राष्ट्र की रीढ़ है, जो भारत की संस्कृतियों, भाषाओं और समुदायों की विविधता को कुशलतापूर्वक एक साथ पिरोता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस संविधान दिवस पर मैं हमारे महान संविधान और भारत में हमें जोड़ने वाले महान दस्तावेज के प्रति गहरा सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले राज्यसभा सचिवालय ने सदस्यों को संसदीय शिष्टाचार और अनुशासन को लेकर नया बुलेटिन जारी किया है। इस बुलेटिन में सदन की गंभीरता बनाए रखने के लिए नारेबाजी समेत जय हिंद, वंदे मातरम, थैंक यू जैसे शब्दों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

## दिल्ली ब्लास्ट: सुसाइड बॉम्बर उमर का एक और साथी गिरफ्तार

- डॉ. आदिल-शाहीन को फरीदाबाद लाएगी एनआईए, अब तक 7 आतंकी पकड़े गए




**फरीदाबाद,एजेंसी।** दिल्ली ब्लास्ट केस में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने सुसाइड बॉम्बर आतंकी डॉ. उमर नबी के साथी शोएब को गिरफ्तार किया है। शोएब फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। वह अल-फलाह यूनिवर्सिटी में वार्ड बॉय था। उस पर आरोप है कि उसने आतंकी उमर को सामान लाने और ले जाने में मदद की थी।

शोएब ने ही नूंह में उमर को अपनी साली अफसाना के घर में कमरा किराए पर दिलाया था। 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट से पहले 10 दिन उमर इसी घर में रहा था। विस्फोट वाले दिन, वह नूंह से ही दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली ब्लास्ट केस में यह सातवीं गिरफ्तारी है।

**NIA डॉ. आदिल और डॉ. शाहीन को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी** :उधर, आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. मुजम्मिल शकील की निशानदेही के बाद अब जांच एजेंसी ह्द्ध डॉ. आदिल अहमद और डॉ. शाहीन सईद को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लाएगी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि डॉ. आदिल और डॉ. उमर नबी के बीच कई साल से दोस्ती थी। आदिल कई बार उमर से मिलने के लिए यूनिवर्सिटी आया था। वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में उमर के फ्लैट में ही रुकता था। यहां उसकी मुलाकात मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद से हुई।

बताया जा रहा है कि आदिल ने ही फतेहपुरा तगा और धौज गांव में विस्फोट जुटाने का आइडिया दिया था, क्योंकि आसपास काफी मुस्लिम आबादी है। इसके अलावा यहां बगैर किसी कागजी फार्मेलिटी के आसानी से कमरे भी

## काली की मूर्ति का श्रृंगार मदर मैरी जैसा, गले में क्रॉस, गोद में बच्चा

### पुजारी बोला- देवी ने सपने में ऐसा करने को कहा



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में चेंबूर इलाके के एक मंदिर में देवी काली माता की मूर्ति को ईसाई समुदाय की मदर मैरी की तरह सजाने का मामला सामने आया है। मूर्ति को क्रॉस पहनाया गया। मंदिर में लाल कपड़ा लगाया गया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मंदिर के पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। जो वीडियो वायरल है उसमें नजर आ रहा है कि मंदिर में एक युवक पहुंचा हुआ है। वो वीडियो शूट कर रहा है। युवक काली माता के मंदिर की ओर बढ़ता है। मंदिर के पठ बंद हैं। जाली से वो दिखाता है कि काली माता को मदर मेरी की तरह वेशभूषा पहनाई गई है। जैसे मदर मैरी की मूर्ति होती है, वैसा ही सजाया गया है। काली माता के सिर पर क्राउन रखा गया है। मंदिर के अंदर लाल कपड़ा लगा नजर आ रहा है। साथ ही चर्च जैसी लाइटिंग की गई है। मूर्ति के आग दिए की जगह मोमबत्ती जलती नजर आ रही हैं। साथ ही काली माता को गोद में बच्चा लिए दिखाया गया है।

## केरल हाईकोर्ट बोला-कमाने के काबिल पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार

### अस्थायी इनकम पर्याप्त नहीं; सिलाई करने वाली महिला पति से अलग रह रही थी




**कोच्चि,एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने तलाक के केस में मंगलवार को कहा कि अगर पत्नी कमाने के काबिल है, लेकिन उसकी आमदनी स्थायी नहीं है या अपना खर्च नहीं उठा पा रही है, तो वह भरण-पोषण की हकदार है। उसे इससे वंचित नहीं किया जा सकता। जस्टिस कौसर एडप्पगाथ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि कमाई करने की क्षमता और वास्तव में पर्याप्त कमाई करने में फर्क है। मामला एक महिला की याचिका से जुड़ा है, जिसने वह अपने पति से अलग रहने के बाद अपने और दो बच्चों के लिए भरण-पोषण की मांग की थी। महिला ने बताया कि वह सिलाई जानती है, लेकिन स्थायी काम नहीं है और आमदनी भी पर्याप्त नहीं है। उसने पति पर मानसिक और शारीरिक क्रूरता का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण वे अलग रह रहे हैं।

## 205 दिन बाद बंद बद्रीनाथ धाम के कपाट, सेना के बैंड की धुन पर थिरके भक्त

### जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में होगी शीतकालीन पूजा



**चमोली,एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट मंगलवार दोपहर 2ः56 बजे शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ बंद कर दिए गए। धाम में सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। कपाट बंद होने से ठीक पहले देश के प्रथम गांव माणा में तैयार किया गया घृत कंबल भगवान बद्रीनारायण को ओढ़ाया गया।

परंपरा के अनुसार उद्धव और कुबेर की प्रतिमाओं को भी गर्भगृह से बाहर लाया गया, शीतकालीन प्रवास के दौरान भक्त अब भगवान बद्रीनाथ के दर्शन पांडुकेश्वर स्थित योगध्यान बदरी में कर सकेंगे।

कपाट बंदी की प्रक्रिया के दौरान गढ़वाल राइफल्स का बैंड भी तैनात रहा, जिसने परंपरा के अनुसार अंतिम धुनें बजाईं। जिसमें मंदिर परिसर में खड़े श्रद्धालु खूब थिरक। जय बद्रीविशाल और जय बद्रीनाथ के जयकारे गूंजते रहे। इस खास अवसर पर मंदिर को 12 क्विंटल गेंदे को फूलों से सजाया गया। इस सीजन 16 लाख 50 हजार से ज्यादा लोग बद्रीविशाल के दर्शन करने पहुंचे हैं।

### इस साल चारधाम में पहुंचे 50 लाख श्रद्धालु

#### 209 दिन चली यात्रा, केदारनाथ में रिकॉर्ड टूटा; आपदा के कारण यमुनोत्री पर असर

**देहरादून,एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होते ही इस साल की चारधाम यात्रा भी संपन्न हो गई है। इस साल 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आए। यात्रा अक्षय तृतीया के दिन, यानी 30 अप्रैल 2025 को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलने से शुरू हुई थी। पूरे 6 महीनों तक उत्तराखंड की वादियां 'जय बद्री-विशाल' और 'हर-हर महादेव' की गूंज से भरी रहीं। पिछले साल की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में बड़ा उछाल देखने को मिला। जहां 2024 में केदारनाथ और बद्रीनाथ में दर्शन करने वालों ने रिकॉर्ड बनाए थे, वहीं 2025 ने यह रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, केदारनाथ में 2024 में 16 लाख 52 हजार 76 लोग पहुंचे और इस साल 17 लाख 68 हजार 795 से ज्यादा लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए।




# सोनपुर मेला में एसबीआई शिविर का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 32 दिनों तक लगने वाले विश्व प्रशिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला परिसर में बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का शुभारंभ नॉर्थ बिहार के जेनरल मैनेजर आर नटराजन एवं रीजनल मैनेजर प्रियंका प्रियदर्शी, ब्रांच मैनेजर कुमार आनंद एवं स्थानीय बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रजवलित कर शिविर का शुभारभ किया गया। जेनरल मैनेजर आर नटराजन ने कहा कि एसबीआई द्वारा लगाए गए इस शिविर में राज्य के कोने कोने से आये मेलार्थियों को बैंक द्वारा विभिन्न आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी जाएगी, जिनमें डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई पेमेंट, रूपे कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, महिला उद्यमिता से जुड़ी योजनाएं और सुरक्षा बीमा योजनाएं शामिल हैं। मेले में आने वाले ग्रामीणों और उपभोक्ताओं के लिए यह शिविर खास आकर्षण बना हुआ है, क्योंकि यहां मौके पर ही खाता खोलने, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, लोन परामर्श और योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि शिविर लगाने का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था और डिजिटल लेन-देन से जोड़ना है। शिविर पूरे मेले की अवधि तक संचालित रहेगा। इस कार्यक्रम में मौजूद रहे सोनपुर ब्रांच के अमन कुमार,अराधना कुमारी, स्थानीय सुशील कुमार सिंह, मनीष कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सोनपुर मेला में लगाए गये ग्राम श्री मंडप का मंत्री ने किया उद्घाटन

### सोनपुर मेला में जीविका दीदियों की दिख रही चमक ग्रामीण उद्यमिता में बटोरीं सराहना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता का नया आयाम इस वर्ष सोनपुर मेले के ग्राम श्री मंडप में देखने को मिल रहा है। कभी घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली जीविका दीदियाँ आज सफल उद्यमी बनकर न केवल अपने परिवारों की आर्थिक रीढ़ बनी हैं, बल्कि ग्रामीण बिहार की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं। सोनपुर मेला में लगाए गये ग्राम श्री मंडप का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। मंत्री ने लगाए गए मंडप में महिलाओं के द्वारा बनाई गई हस्त से निर्मित सामानों को बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़ी महिलाएँ यह साबित कर रही हैं कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सारण



जिले की 4,93,621 जीविका दीदियों को 10,000 रुपए प्रति लाभुक की आर्थिक सहायता दी गई है, जिससे महिलाएँ स्वरोजगार की ओर तेज़ी से अग्रसर हो रही हैं। साथ ही सरकार द्वारा 2 लाख रुपए तक की राशि कम ब्याज दर पर एवं इच्छुक लाभुक दीदियों को 10 लाख रुपए तक का ऋण मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई। इस वर्ष मेले में 11 जिलों की जीविका दीदियों के कुल 45 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 18 प्रकार के स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इनमें ऊनी वस्त्र, लहठी चूड़ी, बाँस एवं सिक्की की कलाकृतियाँ, शिप ज्वेलरी, सोनपुर के दुग्ध उत्पाद, नालंदा के लेदर आइटम, सोनपुर के सवेटर, शर्ट एवं सुपौल का खाजा तथा मशरूम आधारित उत्पादों ने खरीदारों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।

#### स्थानीय उद्यमिता बनी पहचानः

बनियापुर प्रखंड की आनंदी देवी ने भुजा एवं आचार उत्पादों के माध्यम से न सिर्फ खुद आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है, बल्कि 12 अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। उनके स्टॉल पर प्रतिदिन पाँच से आठ हजार रुपये की बिक्री दर्ज की जा रही है। वहीं सोनपुर की जयमाला देवी ऊनी वस्त्र एवं ट्राउजर की बिक्री से रोजाना 10 से 12 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। बिहार के प्रसिद्ध लिट्टी चोखा का स्वाद चखने के लिए ग्राम श्री मंडप में पहुंच रहे हैं जीविका की सहायता से शुरू हुआ उनका छोटा उद्यम आज परिवार की मुख्य आर्थिक शक्ति बन चुका है। जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार ने कहा कि सोनपुर मेला केवल सारण जिले ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार की जीविका दीदियों के लिए एक बड़ा मंच है। यह न केवल उनके उत्पादों को बड़े बाज़ार से जोड़ता है, बल्कि उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा प्रदान करता है। सोनपुर मेला का ग्राम श्री मंडप इस बात का प्रमाण है कि बिहार की ग्रामीण महिलाएँ अपने कौशल, मेहनत और उद्यमिता के बल पर न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नई पहचान और नई गति दे रही हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक गैर-कृषि अभिषेक श्रीवास्तव, प्रबंधक संचार दीपक कुमार, बीपीएम–सोनपुर, दिघवारा, दरियापुर, परसा सहित सोनपुर प्रखंड कार्यालय की पूरी टीम मौजूद रही।


# शादी के 15 दिन बाद पत्नी ने पति पर किया ब्लेड से हमला



**भागलपुर, एजेंसी।** जिले के मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के भतौड़िया में शनिवार को नई नवेली दुल्हन ने पति पर धारदार ब्लेड से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि मोहम्मद एजाज की शादी बीबी अरबीना से 5 नवंबर को हुई थी। शादी के बाद 12 नवंबर को अरबीना असरगंज स्थित ससुराल से अपने मायके मधुसूदनपुर पहुंच गई थी। तबीयत बिगड़ने पर मोहम्मद एजाज इलाज कराने भागलपुर आया और उसके बाद पत्नी को घर ले जाने के लिए मधुसूदनपुर पहुँच गया। परिजन के अनुसार एजाज ने पत्नी को साथ चलने के लिए कहा लेकिन अरबीना ने इनकार कर दिया और पति से कहा कि वह उसे छोड़ दे। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि शनिवार को पत्नी और उसके परिवार वालों ने पहले एजाज के साथ मारपीट की इसके बाद अरबीना ने ब्लेड से हमला कर दिया।

# महिला एवं बाल विकास निगम के स्टॉल का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर मेला में समाज कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास निगम के स्टॉल का उद्घाटन विभाग के सचिव, श्रीमति वंदना प्रेयसी द्वारा फीता काटकर शुभारभ किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान सारण जिले के बुनियाद केंद्र में लाभार्थियों के बीच 6 चश्मों का वितरण तथा एक दिव्यांग लाभार्थी को डिजिटल केन प्रदान की गई। इसी क्रम में सचिव, समाज कल्याण विभाग एवं निदेशालय के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा सारण जिला अंतर्गत विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक संगत ग्रेंड के हॉल में आयोजित किया गया। जहां पूरे मेले अवधि में महिला एवं बच्चियों के लिए फिल्म शो का प्रतिदिन आयोजन किया जाता है जो बिल्कुल निशुल्क दिखलाया जाता है,ताकि किस तरह महिलाए एवं बच्चीया स्वावलंबी बन सके। उद्घाटन के बाद मेला परिसर में स्थापित आईसीडीएस आंगनबाड़ी केंद्र, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार का स्टॉल इस वर्ष का विशेष आकर्षण बना हुआ है, जहाँ बच्चों, महिलाओं एवं अभिभावकों की भारी भीड़ लगातार उमड़ रही है। स्टॉल की सबसे प्रमुख विशेषता है–



परंपरागत बाईस्कोप प्रदर्शनी, जिसे आधुनिक तकनीक के साथ खूबसूरत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह संपूर्ण प्रदर्शन महिला ऑपरेटर द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। पटना की रूपाली सिंहा इस बाईस्कोप संचालन का प्रभार संभाल रही हैं और नए अंदाज़ में प्रस्तुति देकर बच्चों को विशेष मनोरंजन एवं ज्ञान दे रही हैं। बाईस्कोप के माध्यम से पोषण, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा, गर्भवती एवं धात्री माताओं की सेवाओं सहित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी सरल व रोचक तरीके से दिखाई जा रही है। साथ ही स्टॉल पर प्रत्येक माह की 7वीं तारीख को गोद भराई और 19वीं तारीख को अन्नप्राशन का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया जा रहा है, जिससे गर्भवती महिलाओं व अभिभावकों को सही मार्गदर्शन मिल रहा है। समाज कल्याण विभाग का यह प्रयास पारंपरिक कला को जीवंत करते हुए जनहित संदेशों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाने में सफल हो रहा है। स्टॉल पर दर्शकों की लगातार बढ़ती भीड़ इसकी सराहना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मौके पर टुनटुन सिंह सहित विभागीय अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे.

# बक्सर के नावाडेरा रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव बरामद दो-तीन दिन पुराना होने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**बक्सर,एजेंसी।** नया भोजपुर थाना क्षेत्र के नावाडेरा स्थित रेलवे ट्रैक से रविवार को एक अज्ञात शव बरामद हुआ। शव डीडीयू-पटना रेलखंड की डाउन लाइन पर पोल संख्या 647/10 और 647/12 के बीच मिला। शव की हालत बेहद खराब थी और वह सड़-गल चुका था, जिससे उसके दो-तीन दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। शव के हाथ और पैर कटे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई होगी।



हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभी यह तय नहीं है कि यह दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस शव की स्थिति और आसपास के हालात के आधार पर विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

**लुंगी और इनर पहना था युवक :** मृतक ने लुंगी और इनर पहन रखा था, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के सभी थानों को सूचना भेजी गई है। पुलिस गुमशुदगी से संबंधित सभी रिकॉर्ड खंगाल रही है और लोगों से अपील की जा रही है कि यदि कोई व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से लापता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें।

# बंद चीनी मिल खुले, यह बिहार की जरूरत - शैलेश गिरि

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** बिहार सरकार द्वारा आज राज्य के सभी बंद पड़े उद्योग-धंधों और चीनी मिलों को पुनः चालू करने की घोषणा ऐतिहासिक है। इससे बिहार में एक नई उम्मीद फिर से बनी है। सरकार के इस फैसले से हजारों किसान मजदूर और बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी राहत मिलेगी। सारण के मढ़ौरा चीनी मिल सहित बिहार भर में बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित कराने को लेकर किसान आन्दोलन में सक्रिय डॉ शैलेश गिरि की भी भूमिका रही है। मढ़ौरा चीनी मिल को खोलने को लेकर मढ़ौरा के युवाओं ने बंद फैक्ट्री से पटना तक पैदल मार्च किया था। पटना के गर्दनीबाग में लगातार 23 दिन युवाओं ने धरना प्रदर्शन पर बैठे थे। इस आंदोलन को नोयडा से आकर डॉ.शैलेश कुमार गिरि ने भी मजबूती प्रदान की थी। शैलेश गिरि ने 378 दिन चले किसान आंदोलन से प्रेरणा लेकर अपना आन्दोलन जारी रखने के लिए युवाओं को प्रेरित किया था। शैलेश गिरि ने कहा कि बिहार के सभी बंद उद्योग चालू हों यह बिहार की सबसे बड़ी मांग है।

# दोस्तों संग बर्थडे मनाने आए युवक की हादसे में मौत :ट्रेन से गिरकर घायल हुआ था

### सिर में गहरी चोट लगी, डीएमसीएच में तोड़ा दम

**दरभंगा,एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के बहादुरपुर वार्ड 15 निवासी 18 वर्षीय अभय कुमार की दरभंगा में रेल हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अभय अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने दरभंगा आ रहा था, इसी दौरान चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट लगी थी। बेंता थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे तुरंत डीएमसीएच में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे ने पूरे परिवार को शोक में डुबो दिया है। बेंता थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक ट्रेन से गिर गया है। मौके पर पहुंचकर देखा तो वह गंभीर रूप से घायल था, सिर में गहरी चोट थी, लेकिन सांस चल रही थी। तुरंत उसे डीएमसीएच ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बड़ी ही दर्दनाक घटना है। आज उसका जन्मदिन था और वह 18 साल में प्रवेश कर रहा था।परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना स्थल मेडोना स्कूल के पास रेलवे पटरी पर बताया गया है।

**मां बोली- डोमिनोज में खाना खाने की बात कहकर निकला था** :मृतक की मां कविता देवी ने रोते हुए बताया कि अभय घर से यह बताकर निकला था कि वह डोमिनोज में खाना खाकर वापस आ जाएगा।आज उसका बर्थडे था। दोस्तों ने पार्टी मांगी थी। उसने कहाङ्क मम्मी पार्टी देकर जल्दी घर आ जाऊंगा। हमें नहीं बताया कि दरभंगा जा रहा है। पता होता तो मना कर देती।

उन्होंने बताया कि चार बार फोन पर उससे बात हुई और हर बार अभय ने कहा– मम्मी आ रहा हूं।लेकिन पांचवीं बार कॉल किसी और ने उठाया और बताया कि अभय



की रेल हादसे में मौत हो गई है। कविता देवी बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। उन्होंने कहा– भगवान ने मेरा सब कुछ छीन लिया। मेरा बच्चा कभी किसी से लड़ाई-झगड़ा नहीं करता था, न कोई नशा करता था। अच्छा बच्चा था, दसवीं का स्टूडेंट थाज आज ही 18 साल का हुआ था। बहन बोली- एक घंटे बाद कॉल आया, हादसा हुआ है अभय की बहन काजल कुमारी ने बताया कि उसका भाई बिना बताए घर से दोस्तों के साथ निकल गया था।भाई मोबाइल भी घर पर छोड़कर गया था। एक दोस्त का मोबाइल लेकर गया था। एक बार कॉल में उसने कहा कि डोमिनोज में हूं, खाना खाकर आ जाऊंगा। लेकिन एक घंटे बाद जब फोन किया तो किसी और ने उठाया और कहा कि रेल हादसा हो गया है।काजल ने कहा कि आज उसका जन्मदिन था और आज हीज सब समाप्त हो गया। पड़ोसी जय किशोर चौधरी ने बताया कि अभय कभी अकेले घर से बाहर नहीं जाता था।दोस्तों ने पार्टी मांग दी, जन्मदिन सेलिब्रेट करने दरभंगा पहुंच गया। परिवार को इसकी भनक भी नहीं थी। जीआरपी के फोन से हमें पता चला। उन्होंने को बताया कि अभय के साथ आए सभी दोस्त फरार हैं।एक दोस्त लहेरियासराय स्टेशन पर बेहोशी की हालत में मिला है। बाकी कहां हैं, पता नहीं। जिस दिन घर में केक कटना था, उसी दिन मौत की खबर पहुंच गई। 18वें जन्मदिन पर अभय की मौत ने परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है।

# छह मासिक रविवार व्रत आज से शुरू

**पटना एजेंसी।** मासिक रविवार का व्रत आज रविवार को शुरू होगा। आज अग्रहण शुक्ल तृतीया में मूल नक्षत्र के साथ धृति योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग का संयोग बन रहा है। इस व्रत का नहाय-खाय शनिवार को सुकर्मा योग में हुआ। देवोत्थान एकादशी और सूर्य के वृश्चिक राशि में गोचर के बाद शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले रविवार से इस रविव्रत का आरंभ होता है। संतान के सलामती के लिए महिलाएं करतीं हैं यह व्रत इस व्रत की महत्ता भी छठ पर्व जैसी है। छठ महापर्व की तरह इस व्रत में भी व्रती महिलाएं एक दिन पहले नहाय-खाय करती हैं। फिर अगले दिन पवित्रता से ठेकुआ, सोहारी, खीर, पूड़ी समेत अन्य पकवान तैयार किया जाता है।

# भोजपुर में अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार:हथियार खरीदकर छज्जा पर छिपाकर रखा था गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई



**आरा (भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान का प्रभाव एक बार फिर देखने को मिला है। उदवंतनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जययनगर गांव निवासी मिथलेश कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में दारोगा अखिलेश कुमार के बयान पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मिथलेश कुमार अपने घर में अवैध हथियार छुपाकर रखे हुए है और किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई और उसके घर पर छापेमारी की गई।

**थियार किससे और किस मकसद से खरीदा था, इसकी जांच जारी :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपित को मौके से पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में मकान के छज्जा पर छुपाकर रखा गया एक देसी कट्टा बरामद किया गया। शुरुआती पूछताछ में युवक ने अवैध हथियार खरीदकर रखने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसने यह हथियार किससे और किस मकसद से खरीदा था।

एसपी राज ने कहा कि जिले में अवैध हथियारों का कारोबार और उससे जुड़े अपराधों पर रोक लगाना पुलिस की प्राथमिकता है। इसी क्रम में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी भोजपुर पुलिस ने अवैध हथियार माफियाओं पर कार्रवाई की थी। पीरो थाना पुलिस ने कुछ दिन पहले दो देसी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस के साथ एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया था। लगातार हो रही ऐसी कार्रवाई से पुलिस का यह संदेश साफ है कि जिले में अवैध हथियारों की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# समस्तीपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत:कपड़ा दुकान में काम करता था



**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के रोसड़ा थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के विरोध में लोगों ने रोड जाम कर दिया। पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। करीब 2 घंटे के बाद पुलिस के हस्तक्षेप पर जाम खत्म हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक चंदन प्रधान(35) महादेव मठ वार्ड नंबर-12 का रहने वाला था। घटना बड़ी दुर्गा स्थान चौक के पास की है।

**दुकान से घर लौटते समय हादसा :** बड़े भाई विनोद प्रधान ने बताया कि चंदन शहर के एक कपड़ा दुकान में काम करता था। रोजाना की तरह देर रात दुकान बंद करने के बाद वापस घर लौट रहा था। रास्ते में ट्रक ने रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। तीन बच्चे हैं, वह किसी तरह दुकान में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत के बाद रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

**जांच में जुटी पुलिस :** इस संबंध में डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हादसे के बाद लोगों ने कुछ देर के लिए रोड जाम कर दिया था। समझा-बुझाकर जाम खत्म करा दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। केस दर्जकर पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है।

# औरंगाबाद शहर में दो पाटीदार आपस में भिड़े:साइकिल लगाने को लेकर हुआ विवाद लाठी-डंडे और तलवार से हमला



**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद शहर में दो पाटीदार आपस में भिड़ गए। लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर हमला किया। साइकिल लगाने के विवाद में शुरू हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। मारपीट में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत कुल 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना न्यू एरिया वार्ड नंबर 11 स्थित वीर कुंवर सिंह नगर की है। घायलों में एक पक्ष के राकेश सिंह, उनकी पत्नी मधु सिंह, बेटी छोटी कुमारी, प्रिया कुमारी, बेटा शुभम कुमार और दूसरे पक्ष के नीतीश कुमार और पुत्र कार्तिक कुमार शामिल है। बीच बचाव करने पहुंची पड़ोसी वकील विजय सिंह की पत्नी भी जख्मी हुई हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों ने राकेश सिंह उनकी पत्नी मधु देवी और पुत्र शुभम की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

**लाठी-डंडे और तलवार से हमला :**जानकारी के अनुसार गोह थाना क्षेत्र के चापूक गांव निवासी तीन भाई कमलेश सिंह, राकेश सिंह और संजीव सिंह का मकान वीर कुंवर सिंह नगर में है। इसमें बड़े भाई कमलेश सिंह और मंझले भाई राकेश सिंह परिवार के साथ रहते हैं, जबकि छोटे भाई संजीव सिंह ने अपने हिस्से को किराए पर दे रखा है। शनिवार शाम सीढ़ी के नीचे साइकिल लगाने को लेकर कमलेश सिंह के पुत्र नीतिश सिंह, उसकी पत्नी और बच्चे के साथ राकेश सिंह के परिवार की कहासुनी हो गई। नीतीश सिंह ने अपने साले और कुछ अन्य लोगों को बुला लिया। रात करीब आठ बजे पांच से सात लोग स्कॉर्पियो से पहुंचे और तलवार, लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। शुभम के अनुसार हमला योजनाबद्ध था और सभी हमलावर हथियारों से लैस थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण )**। गत 18 नवंबर की दोपहर पानापुर सतजोड़ा मुख्य मार्ग पर शाहवाजपुर गांव के समीप बाइक के धक्के से घायल युवक की बुधवार को पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी. मृत युवक तुर्की पानापुर निवासी 45 वर्षीय उपेंद्र साह बताया जाता है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि उपेंद्र साइकिल से फेरी लगाकर बादाम और मुरब्बा बेचता था. 18 नवंबर की दोपहर वह फेरी लगाकर घर वापस आ रहा था इसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने धक्का मार दिया. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची एवं जख्मी उपेंद्र को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लायी जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने पटना रेफर कर दिया.पिछ्ले एक सप्ताह से जिंदगी की जंग लड़ रहा उपेंद्र हार गया और बुधवार को उसकी मौत हो गयी. मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक के तीन अविवाहित पुत्रियों एवं पत्नी की करुण चीत्कार से उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो जा रही थी. मृतक फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था.सबकी जुबान पर एक ही चर्चा थी कि अब इस परिवार की देखभाल कौन करेगा.

### संविधान दिवस पर परसा पुस्तकालय में प्रबुद्धजनों की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)**। संविधान दिवस पर परसा स्थित दारोगा प्रसाद राय पुस्तकालय के सभागार में प्रबुद्ध लोगो की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता शिक्षक शिवपूजन राम व संचालन शिक्षक सीताराम मांझी ने किया । इस अवसर पर इंजीनियर जगनन्दन राय, प्रो विमल प्रसाद,इंजीनियर बुद्धदेव प्रसाद,लाल बहादुर राय,राज किशोर प्रसाद,मुखिया प्रतिनिधि मो आशिफ असलम,जवाहर प्रसाद यादव,जयनाथ राय,अब्दुल कयूम अंसारी,अमरनाथ पूरी,ओम प्रकाश राय,सुरेंद्र मांझी,अनुप लाल प्रसाद,आदि ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों ने प्रो विमल प्रसाद के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर संविधान को बचाये रखने का संकल्प लिया ।

### विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य के लिए अनुमंडल प्रशासन ने किया सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)**। बीते विधानसभा चुनाव में 117- मढ़ौरा विधानसभा में बेहतर कार्य को लेकर एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी ने सहायक निर्वाची पदाधिकारी निधि राज प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले सहायक निर्वाची पदाधिकारी में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सह कार्यपालक दण्डाधिकारी रंजय कुमार सिंह, सीओ अम्बालिका यादव, बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर, बीसीओ अमरकांत कुमार सहित अन्य का नाम शामिल था। इस दौरान पीजीआरओ हुलाब अहमद, एसडीपीओ नरेश पासवान उपस्थित थे। सभी अधिकारी मढ़ौरा विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में बेहतर ढ़ंग से कार्यों का निष्पादन कर सफल रूप से चुनाव को सम्पन्न कराया था। निर्वाची पदाधिकारी रही एसडीएम निधि राज ने कहा कि चुनाव एक बड़ा कार्य है जिसमें कई लोगों का सामूहिक सहयोग शामिल होता है। अधिकारियों ने नामांकन से लेकर मतदान एवं मतगणना को सम्पन्न कराने में अपनी सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया था। सभी के सामूहिक सहयोग से सफल रूप से चुनाव सम्पन्न हुआ है। अनुमंडल प्रशासन की तरफ से प्रशस्ति-पत्र देकर इन्हे सम्मानत तथा ऊर्जा प्रदान करने का काम किया गया है। इससे अधिकारी को ऊर्जा मिलेगी और ये सभी अधिकारी अधिक ऊर्जा से आगे के चुनाव कार्य को सम्पन्न कराने में रूचि लेगे। प्रशस्ति-पत्र के मिलने से अधिकारी उत्साहित दिखे।

### पितामह प्रीमियर लीग : मकेर की टीम पहुंची फाइनल में



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)**। पितामह प्रीमियर लीग के पहले सेमीफाइनल में मकेर की टीम ने बनियापुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैंच का उद्घाटन स्थानीय पत्रकार अवधेश वर्मा ने फीता काटकर किया। टॉस जीतकर बनियापुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की और निर्धारित ओवर में 116 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेकर की टीम ने 12 ओवरों में ही निर्धारित 117 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मकेर की ओर से मृत्युंजय कुमार ने 67 रन और 3 विकेट लिए। मृत्युंजय कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजनक नीरज कुमार ने बताया कि ग्रामीण प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित यह पितामय प्रिमियर लीग सफल बन रहा है। मैंच के देखने के लिए काफी संख्या में लोग जमा हो रहे जिससे खिलाड़ी उत्साहित हो रहे है। बताया कि 27 नवंबर को मुजफ्फरपुर बनाम बालाहां के बीचदूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। फाइनल मैंच 28 नवंबर को खेला जाना है।

### एक घर मे चोरी का मामला

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)**। मंगलवार की रात मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के रघुनाथ गिरी के मठिया स्थित एक घर मे चोरी का मामला प्रकाश मे आया है। मांझी थाने मे दिए आवेदन मे रघुनाथ गिरी के मठिया गांव निवासी स्व सुखदेव गिरी के पुत्र अनिल कुमार गिरी द्वारा बताया गया है की मंगलवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी गए सामानों में बीस हजार रुपया नगद एव सोने की एक अंगूठी और कपडे आदि शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की बुधवार की सुबह सुचना मिली की एक घर मे चोरी की गई है। जिसमे आवेदन प्राप्त हुआ है। मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नशा मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

## पोस्टर, नारे व मानव श्रृंखला से की नशा छोड़ने की अपील

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)**। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथों में पोस्टर, बैनर व आकर्षक व प्रेरणादायक नारे लगाते हुए एक भव्य जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों ने समाज से नशा छोड़ने की अपील की तथा नशा के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया। बीआरसी परिसर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकमा की प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक मनजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाढ़ी में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा में प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार सिंह आदि के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने पोषक क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने ÷नशा छोड़ो, जीवन संवारो÷, ÷स्वस्थ समाज की पहली पहचान– नशा मुक्त हो अपना गांव÷, ÷शराब, गुटखा, तंबाकू को कहें ना÷ जैसे नारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। गौसपुर विद्यालय के दिग्विजय कुमार गुप्ता, कमल कुमार सिंह, सनोज कुमार, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, सुशील कुमार, अमित कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी जागरूकता रैली में साथ चलकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। एकमा सहित सदर प्रखंड क्षेत्र के कई स्कूलों में बीईओ योगेंद्र बैठा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर-मेकिंग, भाषण, गीत व नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रदर्शन के माध्यम से दिखाया कि नशा कैसे परिवार, समाज व युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। बच्चों द्वारा दिया गया संदेश समाज पर अधिक प्रभाव डालता है। बहरहाल, स्थानीय प्रशासन व विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। रैली से पूरे क्षेत्र में नशा मुक्त समाज का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ।

### नशा मुक्ति दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली




**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)**। नशा मुक्ति दिवस पर बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया के छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर विद्यालय के पोषक क्षेत्र में लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया।छात्र मद्य निषेध से संबंधित बैनर और तख्तिया लिए हुए थे। इसके पहले विद्यालय में बच्चों को नशा नहीं करने संबंधी शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे बच्चों को जानकारी दी। विद्यालय मे संविधान दिवस को ले वाद विवाद व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया व उत्कृष्ट छात्रो को पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक विजय कुमार साह, धीरज तिवारी अविनाश तिवारी, बलराम यादव, सुनील कुशवाहा, शाहनवाज हुसैन, अमृता कुमारी, वंदना कुमारी सहित क ई अन्य भी थे।

## रामपुर महेश गांव में कृषि विभाग द्वारा जन कल्याण चौपाल का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)**। प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के वार्ड नंबर- 02 में स्थित रामपुर महेश गांव में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा आयोजित रवि कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्नत किस्म से कृषि यंत्रों द्वारा गेहूं और दलहन की खेती करने के बारे में बताया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें भरपूर अस्वस्थ किया और खेतों की मिट्टी जांच कराकर कृषि यंत्रों द्वारा खेती कराने की अपील की। इस दौरान तरैया कृषि विभाग के एटीएम मो. सैयद, कृषि समन्यवक राकेश रंजन सिंह, कृषि सलाहकार जितेन्द्र कुमार, पूर्व बीडीसी नागेन्द्र प्रसाद, किसान हरेंद्र राय, राज किशोर सिंह कुशवाहा, नागेंद्र सिंह कुशवाहा, विजय सिंह, धनंजय मांझी, परशुराम प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, भंगी मांझी, कृष्णा भगत, समेत अन्य किसान मौजूद थे।

## 'हर घर संविधान' अभियान के साथ मूल निवासी संघ की जागरूकता रैली

**दैनिक खोज खबर/सारण (मशरक)**। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मूल निवासी संघ की जिला इकाई सारण द्वारा बुधवार को बी एस 4, मशरक में भव्य ÷संविधान पथ संचलन÷ एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मशरक के थाना चौक, अस्पताल चौक होते हुए महावीर चौक और फिर विभिन्न जगहों पर घूम घूम कर संदेश दिया गया?।कार्यक्रम का मुख्य संदेश था–÷मेरी शान, भारत का संविधान – हमारा अभियान, हर घर संविधान÷। रैली की शुरुआत जय भीम और जय मूल निवासी के नारों से हुई, जिसमें सैकड़ों युवाओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। पथ संचलन के दौरान प्रतिभागियों ने संविधान के महत्व, नागरिक अधिकारों, सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 26 नवंबर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की नींव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि देश को मजबूत बनाने के लिए संविधान की समझ और पालन जरूरी है। गणसभा 2025 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मार्गभर लोगों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। संघ ने घोषणा की कि ÷हर घर संविधान÷ अभियान को जिले के सभी पंचायतों तक विस्तार दिया जाएगा।रैली का समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ। मौके पर कुंदन सोनी, संजय शर्मा, संजय स्मार्ट, मंतोष कुमार, महंत कुमार मूल निवासी निर्मला बिट्टू साह विरेन्द्र प्रसाद हरे राम यादव, नितेश यादव, कन्हैया राम समेत अन्य मौजूद रहें।

### नशा मुक्ति दिवस पर प्राथमिक विद्यालय दरिहारा में प्रभातफेरी और मानव श्रृंखला का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)**। नव सृजित प्राथमिक विद्यालय दरिहारा निशक में मंगलवार को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार सुमन के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रभातफेरी निकालकर स्थानीय लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई और नशे के दुष्परिणामों के बारे में शपथ भी दिलाई गई। इस अभियान में विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता और सुधाकर शेखर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार सुमन ने कहा कि ÷बच्चे समाज का भविष्य हैं, उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने की प्रेरणा देना हम सबकी जिम्मेदारी है।÷ विद्यालय के इस अभियान की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे समाज में जागरूकता फैलाने की एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## मशरक आरपीएफ टीम अलग-अलग मामलों में की कार्रवाई




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)**। रेलवे सुरक्षा बल मशरक के कार्यालय परिसर में बुधवार को रेल अधिनियम के तहत 11 व्यक्तियों के विरुद्ध कारवाई किया गया। जिसमें मशरक जंक्शन प्लेटफार्म 0, 02 पर अनधिकृत रूप से घूमते हुए तीन व्यक्ति (1) गणेश प्रसाद,पिता-भुनेश्वर प्रसाद, निवासी- दिघवा दुबौली, थाना- बैकुंठपुर, जिला- गोपालगंज (2) संजय राम, पिता- मोहन राम, निवासी-टोटहा जगतपुर, थाना- पानापुर, जिला-सारण (3) राहुल कुमार, पिता-भगवान राय, निवासी- कली टोला मघरी,थाना- भगवानपुर, जिला- सिवान बताया गया जिन्हें धारा 147 आरए और स्टेशन परिसर में टिकट काउंटर के पास धूम्रपान करते हुए नितेश कुमार, पिता- संजय प्रसाद, निवासी- मसरख कुशवाहा टोला, थाना- शरक को धारा 167 आर ए तथा गाड़ी संख्या 55110 के मशरक जंक्शन पर खड़ी होने के दौरान प्लेटफार्म संख्या दो पर कोच संख्या 123551, 093570, 123444 व 154301 सभी त्स/ह्श्व से 07 व्यक्तियों को पायदान पर यात्रा करते हुए पकड़ा गया।सभी (1).दिलीप मांझी, पिता- स्वर्गीय अक्षय लाल मांझी, निवासी- गोहा, थाना- इसुआपुर (2).राजा आलम, पिता- मायाउद्दीन आलम, निवासी- बगहा निजामत, थाना- थावे जिला- गोपालगंज (3)आकाश नट पिता- शहादत नट (4). रामू कुमार, पिता- स्वर्गीय जीवत प्रसाद, निवासी- थावे, थाना- थावे, जिला- गोपालगंज (5). अंकज कुमार, पिता- बहारन मांझी, निवासी+ थाना- मसरख, जिला- सारण (6). मुन्ना मांझी, पिता- स्वर्गीय राजू मांझी, पता उपरोक्त (7). जितेंद्र साहनी, पिता- सरयुग सहनी, निवासी- केशव गौर, थाना- महम्मदपुर, जिला- गोपालगंज बताया गया जिन्हें धारा 156 क्र के तहत विधिक कार्यवाही किया गया।

## आरोप : प्रसूता से अवैध वसूली, विरोध करने पर बदसूलकी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)**। मशरक सीएचसी में बुधवार को डिलेवरी के लिए आई गर्भवती महिला से प्रसव के बाद अवैध वसूली का मामला सामने आया वहीं महिला के परिजनों के द्वारा मोटी रकम देने का विरोध करने पर बदसूलकी करने का आरोप लगाया गया। सिसई गांव निवासी लालमती देवी ने बताया कि उसकी पतोहू रानी देवी पति अमृतेश शर्मा को प्रसव के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां बुधवार की सुबह पुत्री का जन्म हुआ। रात की शिफ्ट में ड्यूटी तैनात सभी महिला स्वास्थ्य कर्मियों को उनकी मांग के अनुरूप उसने रूपये दे दिए। दूसरी शिफ्ट में पहुंची महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने फिर से रूपये की मांग,जिस पर उन्होंने देने की बात बताई। लेकिन दबाब देने पर उसने छोटी रकम सभी को दी और अपनी गरीबी का रोना रोया। लेकिन उसी दौरान उसके साथ मोटी रकम की मांग को लेकर उसके पतोहू के साथ बदसूलकी की गयी। महिला ने बताया कि सरकार के द्वारा इस सेवा के निःशुल्क का दावा किया जाता है पर यहां तों हर से रूपये वसूलें जा रहें हैं और कोई देखने वाला तक नहीं है। बता दें कि इस तरह के मामले बराबर सामने आते हैं पर घटना के बाद क्या कारवाई होती है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लगती हैं। मामले में प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

### ट्रेन से शराब के साथ दो महिला तस्कर गिरफ्तार

**सिवान-** आरपीएफ ने ट्रेन से शराब के साथ दो महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी निर्देशानुसार आरपीएफ द्वारा गाड़ी संख्या 15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्या एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या एक के आगमन पर आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान कोच एस तीन से उतरते समय दो महिला शराब तस्करों को पकड़ा गया जांच के क्रम में उनके पास मौजूद पिट्ठू बैग से 64 बोतल बरामद हुई। जिसकी कीमत 17 हजार पांच सौ 68 रुपए है। अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग के सिपुर्द कर दी गई। गिरफ्तार महिलाएं दरौली थाना क्षेत्र के उकरेहि निवासी नैना कुमारी व देवरिया जिला के बनकटा थाना क्षेत्र के भैसही निवासी अनु कुमारी है।

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान**। जिला के टाप टेन बदमाशों की सूची में शामिल 25 हजार के इनामी बदमाश को स्थानीय पुलिस ने एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश लोगहगाजर गांव निवासी शंभू सिंह का पुत्र मोहन सिंह उर्फ संजीव सिंह है। मामले में असाव थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि वह गांव में मौजूद है। इसके बाद बुधवार की सुबह वह लोहगाजर हाई स्कूल के पीछे छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ असांव थाना में तीन, जीरादेई में एक व गुठनी थाना में एक मामला दर्ज है। पूछताछ के बाद बदमाश को जेल भेज दिया गया।




# संविधान दिवस के अवसर पर निकले प्रभातफेरी

## संविधान के प्रति आस्था व उसकी सुरक्षा का लिया संकल्प

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)**। बुधवार को थानाक्षेत्र के सभी पंचायतों में विद्यालय के छात्र छात्राओं व शिक्षको ने प्रभातफेरी निकालकर संविधान दिवस अमर रहे तथा संविधान के सुरक्षा आदि का संकल्प लिया।इस अवसर छात्र छात्राओं ने लोगो को संविधान के प्रति जागरूक रहने तथा देश के विकास में मिलकर सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही इस मौके पर नशा न करने तथा बच्चे बच्चियों को शिक्षित कर देश व संविधान के प्रति अपनी आस्था बनाये रखने की अपील की। मुख्य रूप से उ म वि भोरहां,उ म वि बेलौर, मुरली मठ , मध्य विद्यालय रसौली, पानापुर आदि विद्यालयों में प्रभातफेरी निकाली गई।बच्चे बच्चियां के हाथों में लिए तख्ती पर निम्न स्लोगन लिखे थे जिनमें ÷नशा छोड़ो,जिवन से नाता जोड़ो÷नशे की लत एक बीमारी है,इसे दुर करना समझदारी है,जो नशे को हराएगा,वहीं सच्चा वीर कहलाएगा, नशामुक्त समाज बनाएं, जीवन को खुशहाल बनाएं,नशा नहीं शिक्षा अपनाओ,देश को नई राह दिखाओ।



## जागरुकता के अभाव में साइबर क्राइम में युवा हो रहे ठगी का शिकार

### साइबर अपराध होने पर 1930 नंबर पर करें शिकायत

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** साइबर क्राइम का जाल शहरों के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से फैलने लगा है। डिजिटलीकरण से एक ओर जहां लोगों का काम आसान हुआ है, वहीं लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। मोबाइल धारकों की संख्या बढ़ने से साइबर ठगों का काम भी आसान हुआ है। जागरुकता के अभाव में साइबर ठग बेरोजगार युवाओं को निशाना बना रहे हैं। साइबर ठग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काल कर तरह तरह के प्रलोभन देकर उन्हें अपने झांसे में ले लेते हैं और खाते से रुपये ठग लेते हैं। इसका मुख्य कारण साइबर थाना की जागरुकता अपील पर अमल करने के बजाय इसे दरकिनार करना है। स्मार्टफोन के जरिये दुनिया भले ही आपकी मुट्ठी में है, पर यहां एक चूक से जेब ढीली होने में समय नहीं लगेगा। इतना ही नहीं, अजनबी से दोस्ती के बाद उसकी वीडियो काल रिसीव करते ही आप ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के चंगुल में भी फंस सकते हैं।

### इंटरनेट मीडिया पर अलग-अलग साइबर गिरोह

इंटरनेट मीडिया पर अलग-अलग साइबर गिरोह सक्रिय हैं। अब मोबाइल पर काल करने के बजाए साइबर अपराधी इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी गहरी पैठ बना चुके हैं। ऐसे कई ऐसे मामले भी हैं, जहां पुलिस के लिए साइबर अपराधियों तक पहुंचना चुनौती है।

### इन बातों का रखें ध्यान-

- आनलाइन शापिंग के लिए प्रतिष्ठित वेबसाइट के अलावा अनजान वेबसाइट को चुनने से बचें।
- जब भी अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर खाते से बदलें तो उसकी लिखित सूचना बैंक को जरूर दें।
- इंटरनेट मीडिया पर अंतरंग फोटो शेयर करने से बचें, अधिक निजी फोटो साझा न करें।
- अजनबी के नंबर से आ रही वीडियो काल रिसीव करने से बचें।
- फोन पर बैंक डिटेल या पिन कोड किसी को न बताएं।
- कोई बैंक फोन करके या ई-मेल के जरिये आपका पासवर्ड कभी नहीं पूछता।

## मारपीट मामले में दोनों पक्ष से प्राथमिकी

**हसनपुरा(सिवान)।** एमएच नगर थाना के नदियांव गांव में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों से प्राथमिकी की गई है। एक पक्ष से मुनमुन देवी ने 12 लोगों को नामजद करते हुए बताया है कि गांव से बरात जा रही थी मेरे पति और मेरा पुत्र घर के बाहर बैठ थे तभी झुना कुमार, कमलावती देवी, गायत्री देवी, मीरा देवी, प्रिया कुमारी, विनकी कुमारी, मनीष कुमार, बलवंत राय, संत राय, पुष्पा देवी, अंजनी कुमार, कांति देवी ने मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष से झुना राय ने बरात जाने के क्रम में नर्तकियों को पैसा देने के दौरान मारपीट करने के मामले में 10 को नामजद किया है। उन्होंने मुकेश राय, मूलधर राय, अजय राय, धनंजय राय, रंजय राय, गिरधर राय, नीतिश कुमार, मुन्ना राय, दुर्गावती देवी, मुनमुन देवी पर मारपीट करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों पक्षों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## आज के ही दिन संविधान को किया गया था अंगीकार : मनोज कुमार सिंह

**सिवान।** गोरेयाकोठी प्रखंड में बुधवार को संविधान दिवस पूरे श्रद्धा से मनाया गया। विद्यालयों व अन्य जगहों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बहोगा परसौतिम पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में संविधान दिवस पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने लोगों को बताया कि अपना संविधान वर्ष 1949 में आज के दिन ही अंगीकार किया गया था। इसी उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। संविधान निर्माण में भूमिका निभाने वालों की भी चर्चा की गई। वहीं पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय यदु टोला में प्रधानाध्यापिका अनुराधा कुमारी के नेतृत्व में दिव्यांग बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यपालक सहायक शशिकांत कुमार, राजेश कुमार मांझी, अमृता कुमारी, उमेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर गृह संपर्क अभियान तेज करने को बैठक

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान के तहत प्रखंड इकाई की बैठक बुधवार को भगवानपुर बाजार स्थित मनोकामना मंदिर परिसर में संघ के सियाराम प्रसाद की अध्यक्षता में हुई । इस अवसर पर बैठक में शामिल सभी स्वयं सेवकों को भगवा थैला , पत्रक , पुस्तक आदि प्रदान किया गया । इस अवसर पर कर्ण सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा संघ के विचारों को घर-घर तक पहुंचाना है। स्वयंसेवकों द्वारा सनातन समाज के सुमंगल, राष्ट्र की अखंडता एवं संगठन की भावना को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। बैठक में त्रिलोकी प्रसाद सोनी , इंद्रजीत सिंह , सुनील ठाकुर , संतोष कुमार , निहाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला से छीने पांच लाख रुपये

**सिवान।** भारतीय स्टेट बैंक से रुपये की निकासी कर घर जा रही एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े झपट्टा मार कर पांच लाख रुपये छीन लिए और फरार हो गए। घटना के बाद महिला की आवाज सुनकर जबतक स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे बदमाश फरार हो चुके थे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। उन्होंने बताया कि घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के दूधी टोला गांव निवासी विमला देवी बुधवार के अपराह्न करीब तीन बजे महाराजगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से पांच लाख रुपये की निकासी कर अपने घर जा रहीं थी। तभी अनुमंडल मुख्यालय के राजेंद्र चौक से करीब पांच सौ मीटर आगे ग्रामीण बैंक के सामने दो अपाची बाइक पर चार की संख्या में सवार बदमाशों ने महिला से झपट्टा मार कर पांच लाख रुपये छीन लिए और फरार हो गए। दिनदहाड़े छिनतई की घटना से शहर के व्यवसायी में दहशत है। क

## सिसवन थाना पुलिस ने चलाया वाहन जांच, वाहन चालकों मे हड़कंप

**सिसवन (सिवान)।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के निर्देश पर सिसवन थाना क्षेत्र में बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सिसवन-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग से गुजर रही अधिकांश दोपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान डिक्की के साथ-साथ कागजात की भी जांच की जा रही थी।पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच रहा । थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जांच के क्रम में पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही बाइक पर तीन सवारों एवं शराब तस्करों पर पुलिस की विशेष नजर रख रही है।

## मंडल कारा में संविधान दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**सिवान।** मंडल कारा में बुधवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कारा के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बंदियों को शामिल किया गया था। वहीं संविधान की प्रस्तावन को पढ़ा गया। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि बुधवार को संविधान अंगीकार के 75वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभागीय निदेशानुसार मंडल कारा में संसीमित बंदियों एवं कर्मियों के बीच संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर बंदियों एवं कर्मियों द्वारा संविधान की प्रस्तावन को पढ़ा गया। इस अवसर पर उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, सहायक अधीक्षक एवं अन्य कारा कर्मी मौजूद रहे।

# सीवान : शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार, समाज व राष्ट्र की प्रगति को नशा करता है बाधित



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जिला मुख्यालय समेत प्रखंडों में नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दौरान विविध प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पटना में आयोजित हुआ, जबकि स्थानीय स्तर पर शहर के आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश, एडीएम प्रमोद कुमार, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज व राष्ट्र की प्रगति को भी बाधित करता है। उन्होंने कहा कि कहा कि नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को नशे से दूरी बनाने व इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व शिक्षकों, जीविका दीदियों, गणमान्य व्यक्तियों सहित उत्पाद विभाग के कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे लोग शराब एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे, क्योकि शराब एवं मादक पदार्थ स्वास्थ्य लिए हानिकारक है। साथ हीं साथ वे दूसरे लोगों को भी इन सभी चीजों से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। जिलाधिकारी ने नशे के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ हीं युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिलान्तर्गत मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा शराबबंदी कानून को सख्ती पूर्वक लागू कराया जा रहा है। इसके तहत सभी चेक पोस्टों एवं लूप लाइन द्वारा प्रवेश होने वाले अवैध शराब के विरूद्ध निगरानी की जा रही है। बताया कि आवश्यकतानुसार कुछ नए चेकपोस्टों का निर्माण भी जल्द हीं करवाया जाएगा। बता दें कि विगत एक वर्ष में जिले में मद्य निषेध विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 19 हजार 454 छापेमारी की गई है। इस क्रम में 3594 अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। चोरी-छिपे अवैध शराब की बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। डीएम ने बताया कि शराबबंदी के कारण परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूती मिल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों-बच्चियों का अच्छा प्रभाव देखने को मिल रहा है। शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने में जीविका का योगदान काफी बेहतर है। जिलान्तर्गत अबतक पूर्व में शराब, ताड़ी का व्यवसाय करने वाले 308 परिवारों को सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित किया गया है। ताकि वे अपनी आजीविका चला सकें। पूर्व में विभाग द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों में से चयन कर 29 परिवारों को सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं वर्तमान में जिलान्तर्गत 98 परिवारों को चिह्नित किया गया है। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य विधाओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी ने नशा मुक्त समाज की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में निरंतर बढ़ाते रहने का संकल्प भी लिया।

## बिजली कर्मी की करंट लगने से मौत, आक्रोशितों ने चार घंटे सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रामगढ़ा गांव में बुधवार की सुबह विद्युत कार्य के दौरान करंट लगने से एक बिजली कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान मरदनपुर निवासी दिलीप प्रसाद के रूप में हुई। घटना के बाद आक्रोशित स्वजन और ग्रामीणों ने रगड़गंज चौराहा जाम कर आगजनी की, इस कारण सिवानङ्कपैगंबरपुर मुख्य पथ पर करीब चार घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। जाम की सूचना पर एसडीओ, एसडीपीओ अमन समेत दारौंदा व महाराजगंज थाना की पुलिस बड़ी संख्या में मौके पर पहुंची। काफी मान-मनौव्वल के बाद अधिकारियों के मुआवजे के आश्वासन पर चार घंटे बाद जाम हटाया जा सका। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की सुबह बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने के लिए विद्युत विभाग की टीम गांव पहुंची थी। मौके पर महाराजगंज बिजली एसडीओ दिलीप कुमार और दारौंदा के जेई दीपक कुमार की मौजूदगी में शटडाउन लेकर कर्मी दिलीप प्रसाद को पोल पर चढ़ने को कहा गया। जैसे ही वह ऊपर चढ़े, अचानक तार में करंट दौड़ गया और वह करंट लगने से बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। साथी कर्मियों और अधिकारियों ने तुरंत दिलीप को घायलावस्था में महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। दहाड़ मार कर रोने लगे। स्वजनों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। बता दें कि दिलीप प्रसाद 2014 से मानव बल के रूप में कार्यरत थे। वह अपने पीछे वे पत्नी सबिता देवी, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं, जिनमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। गांव में फिलहाल शांति है।

## हथियार लहराते तस्वीर प्रसारित जांच में जुटी पुलिस

**रघुनाथपुर(सिवान )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ युवकों द्वारा हथियार लहराते हुए बनाया गया फोटो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। यह फोटो गभीरार गांव के बिन टोला का बताया जा रहा है। वायरल तस्वीर को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। मामले में थाना प्रभारी डा मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है उस फोटो की जांच कर युवकों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया तथ्यों की पुष्टि के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का हुआ आगाज, विभिन्न विधाओं के प्रतिभाओं को मिला मंच

### जिले के युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए हरसंभव होगा प्रयास : जिलाधिकारी



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** कला संस्कृति और युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आगाज बुधवार को हुआ। शहर के टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम का जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश, अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, पीजीआरओ इश्तियाक अली, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उप निदेशक उपेंद्र कुमार यादव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रिजवान फिरदौस, जिला योजना पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जिला प्रशासन की आकांक्षा है कि इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और उचित मंच मिले, ताकि जिले की प्रतिभाएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा अर्जित करें। आर्य समाज संस्कृत कला परिषद् और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करोम की बालिकाओं ने गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी। जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत प्रथम दिन समूह लोक नृत्य और समूह लोक गीत की स्पर्धाएं हुई। वहीं दूसरे दिन गुरूवार को कहानी लेखन, चित्र कला, कविता लेखन और वक्तृता प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन होगा। बताया कि 28 नवंबर को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत विज्ञान मेला का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविद् डा. गणेश दत्त पाठक ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं के लिए संवैधानिक मूल्यों स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, न्याय आदि के परिपालन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं जिला कला और संस्कृति पदाधिकारी डा. ऋच्या वर्मा ने जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन के उद्देश्य क बारे में बताया कि इसके माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को एक स्तरीय मंच प्रदान किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रतिभागी अपनी पूरी क्षमता के साथ सहभागिता निभाएं, ताकि उन्हें राज्यस्तरीय और राष्ट्रस्तरीय मंच पर जाने का मौका मिले। कार्यक्रम का संचालन उदय नारायण सिंह सम्यक और वीनस दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया।

## सीवान : ठंड के बढ़ते ही ट्रेनों की रफ्तार थमी,आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों घंटों विलंब से पहुंची

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में शीतलहर तथा कोहरे का असर ट्रेन परिचालन पर दिखने लगा है। इस वजह से सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं चल रही हैं। जंक्शन से गुजरने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें बुधवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। बुधवार को 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस एक घंटे दस मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे 30 मिनट, 12554 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटे, 04450 नई दिल्ली-दरभंगा पूजा स्पेशल चार घंटे 45 मिनट, 15034 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटे बीस मिनट, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर दो घंटे, 04454 नई दिल्ली - मानसी महोत्सव विशेष ट्रेन चार घंटे 50 मिनट, 04453 मानसी-नई दिल्ली त्योहार विशेष एक्सप्रेस छह घंटे 30 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल आठ घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल चार घंटे 30 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल चार घंटे 50 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे, 13020 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे 17 मिनट, 15910 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे, 12553 ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 60 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं।

## संविधान व नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक

**सिवान।** जिले के सभी विद्यालयों में बुधवार की सुबह संविधान और नशा मुक्ति दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों में छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली और लोगों को हाथों में लिए तख्ती पर नशा नहीं करने से संबंधित स्लोगन दिखा जागरूक किया। इस दौरान स्कूली छात्रों के साथ शिक्षक भी मौजूद थे। आंदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में बुधवार की सुबह प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक ने चेतना सत्र के दौरान शराबबंदी व नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाने के लिए बच्चों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में विमलेश कुमार यादव,रंजू कुमारी,प्रति कुमारी,नीलम कुमारी सावित्री कुमारी समेत सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित थे। वहीं दारौंदा में नशा मुक्ति व संविधान दिवस पर स्कूलों में निकली प्रभातफेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूलों में प्रभातफेरी, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रदर्शनी और कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नया प्राथमिक विद्यालय बसवरिया टोला, उमवि रमसापुर, उमवि फतेहपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोडारी कला, उमवि करसौत, उच्च माध्यमिक विद्यालय पकवलिया,उमवि मध्य विद्यालय अभूई कन्या, प्राथमिक विद्यालय फलपूरा डिब्बी और उच्च माध्यमिक विद्यालय दारौंदा समेत कई शिक्षण संस्थानों में छात्रों ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो जैसे नारों के साथ रैली निकाली गई। विद्यालय भवनों पर नशा विरोधी बैनर और पोस्टर लगाए गए प्रभातफेरी व मानव श्रृंखला के माध्यम से गांवों तक संदेश पहुंचाया गया।

## अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण ऐतिहासिक कदम : सांसद

**महाराजगंज (सिवान)।** अयोध्या में राम मंदिर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण एक ऐतिहासिक कदम रहा। उक्त बातें स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सिहौता में एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा राम मंदिर परिसर में बने माता,शबरी, बाल्मीकि, विश्वामित्र के मंदिर सर्वसमाज के प्रेम-भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा,सत्य, न्याय और राष्ट्र धर्म का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से कहा कि हर किसी को एक बार अयोध्या जाकर दर्शन करना चाहिए। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष सिंह, डा त्रिपुरारी शरण सिंह,अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सर्दी में गर्भावस्था के दौरान महिलाएं रखें खुद का विशेष ख्याल : डा. श्वेता रानी

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** गर्भवती महिलाओं के लिए सर्दियों के महीनों में गर्भावस्था थोड़ा मुश्किल हो जाता है। ऐसे समय में महिलाएं संक्रमण, खांसी और ठंड के लिए अतिसंवेदनशील हो जाती हैं और ठंड हवाएं दर्द का कारण बनती हैं। सर्दियों में गर्भवती महिलाओं को कठोर जलवायु का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में महिलाओं के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए शहर के उखई मोड स्थित मार्क हास्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. श्वेता रानी ने बताया कि सर्दियों के शुरूआती दिनों में खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। सही खानपान भी जरूरी होता है। अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड रखें, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। आमतौर पर सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं, लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक है। खासकर गर्भवती महिलाओं को सर्दियों में पानी जरूर पीना चाहिए। सर्दी के मौसम में बीमारियां ज्यादा होती है। फ्लू की समस्या सर्दियों में ज्यादा होती है। ऐसे में आपका आहार या खानपान अच्छा होना जरूरी है। पोषण के लिए ताजे फल और हरी सब्जियां डाइट में शामिल करें, ताजा फल और सब्जियां बीमारियों से लड़ने और अपने शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए सबसे उपयुक्त है।

## तालाब में डूबने से मासूम की मौत, कोहराम

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में बुधवार को तालाब में डूबने से एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी शेषमणि तिवारी का पुत्र गोल्डेन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि गोल्डेन खेल रहा था, तभी अचानक गायब हो गया। इसके बाद उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कही सुराग नही मिला। शक के आधार पर मल्लाह को बुलाकर तालाब में उसकी खोजबीन कराई गई जहां उसे बरामद किया गया। इसके बाद हमलोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना प्रेषण तक स्वजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया था।

## पीड़ित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर वार्ड नंबर 42 निवासी रामबाबू यादव की पत्नी कुनकुम देवी ने बुधवार को आरक्षी अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि मैंने नगर थाना में कांड संख्या 718/25 दर्ज कराई थी। इस कांड के आरोपित हरि चौधरी, लालबाबू चौधरी एवं प्रदीप चौधरी हैं जो आंदर थाना क्षेत्र के भरौली गांव में छुप कर रहे हैं। पुलिस को इस बात की जानकारी है कि तीनों अभियुक्त कहां है लेकिन तीनों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। कई बार मैं नगर थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगा चुकी हूं। अब तीनों आरोपित जानलेवा हमला करने और घर में आग लगा देने की धमकी दे रहे हैं।

## सदर विधायक ने जनसंपर्क कर मतदाताओं का जताया आभार

**परवेज अख्तर/सीवान।** स्वास्थ्य सह विधि मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने बुधवार को विधानसभा के रोहड़ा, जोगापुर, मूसेहरी, जलपुरवा, ज्ञानी मोड़, मालिक टोला सहित अन्य जगहों पर जनसंपर्क किया। वहीं विधानसभा के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि चार सौ बेड के हड्डी का अस्पताल बनाया जाएगा। यह बिहार के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इस अस्पताल में राज्य के हड्डी रोग से जूझ रहे मरीजों का इलाज होगा। नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम लोगों ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक्नोलाजी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी बंद चीनी मिलों को पुन चालू करने हेतु नीति एवं कार्य योजना बनाई जा रही है। जिससे रोजगार सृजन में बहुत वृद्धि होगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी, धनंजय सिंह, संजय प्रसाद, धुरंधर प्रसाद, अजय पासवान, बाल्मीकि गुप्ता, हरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अनुरंजन मिश्रा, राजेश कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धर्मेंद्र के निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति : मनोज भावुक

**रघुनाथपुर (सिवान)।** हिंदी सिनेमा के महान अभिनेता धर्मेंद्र के निधन से पूरा फिल्म जगत शोक में डूबा हुआ है। भोजपुरी साहित्यकार एवं फिल्म निर्देशक मनोज कुमार भावुक ने इसे भारतीय सिनेमा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की भी अपूरणीय क्षति बताया है। एक दिवसीय निजी दौरे पर अपने जन्मस्थान रघुनाथपुर प्रखंड के कौसड़ गांव पहुंचे भावुक ने कहा कि धर्मेंद्र सिर्फ़ अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा थे।उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र की अभिनय यात्रा जितनी लंबी और प्रभावशाली थी, उतनी ही विविधता से भरी हुई थी। हिंदी फिल्मों के साथ उन्होंने भोजपुरी सिनेमा को भी अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित किया। भावुक ने कहा कि धर्मेंद्र ने अपनी लोकप्रियता, सादगी, मेहनत और स्टारडम के बल पर भारतीय फिल्म उद्योग को नई दिशा दी।भावुक ने बताया कि धर्मेंद्र पर्दे पर जितने बहादुर, आकर्षक और दमदार दिखाई देते थे, वास्तविक जीवन में उतने ही सरल, स्नेही और ज़मीनी व्यक्ति थे। उनकी मुस्कान में ऐसा अपनापन था कि दर्शक अनायास ही उनसे जुड़ जाते थे। उनका अभिनय हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र का जाना सिर्फ़ एक सुपरस्टार का जाना नहीं है, बल्कि कला, संस्कृति और भावनाओं के एक बड़े स्तंभ का ढहना है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकता।अंत में उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए कहा–÷ही-मैन सिर्फ़ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि करोड़ों दिलों में हमेशा ज़िंदा रहेंगे।